# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

**दिनांक: 15.09.2025 को जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता से सम्बन्धित सम्पन्न सम्पूर्ण समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।**

दिनांक: 15.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 4:30 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2. श्री सुरेश चौहान, प्रतिनिधि, मा0 विधायक–बदलापुर, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
5. श्री प्रवीण मोसाले, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) जौनपुर।
6. श्री नवोदित मिश्रा, स्टेट हेड, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
7. श्री अमरेन्द्र यादव, एम0आई0एस0 एक्सपर्ट, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।

**बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–**

(1). जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम पिछली बैठक में श्री रमेश चन्द्र मिश्रा जी, मा0 विधायक–बदलापुर द्वारा गुणता प्रभावित वाले ग्राम में प्राथमिकता पर परियोजना पूर्ण किये जाने हेतु जो निर्देश प्राप्त हुये उनके अनुपालन के सम्बन्ध में चर्चा की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) से गुणता प्रभावित ग्रामों में पेयजल योजना पूर्ण न होने का कारण पूछा गया। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया गुणता प्रभावित ग्रामों में कई बार नलकूप बोरिंग का कार्य किया जा चुका है किन्तु प्रत्येक प्रयास में असफलता ही प्राप्त हुई है जिसके समाधान हेतु अब तकनीकी अभिमत प्राप्त करने के लिए भू–गर्भ जल विभाग को पत्राचार किया जा चुका है। निर्देशित किया गया कि समस्या के निदान हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से भी पत्राचार किया जाये और शीर्ष प्राथमिकता देकर समन्वय स्थापित कर तकनीकी अभिमत प्राप्त कर यथा आवश्यक कार्यवाही की जाये।

इसी प्रकार निर्देशित किया गया कि जिन पाइप पेयजल योजनाओं हेतु अभी तक भूमि उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पायी है उन पेयजल योजनाओं के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र भूमि प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाये और भूमि प्राप्त न होने की दशा में यथा आवश्यक कार्यवाही की जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण))**

(2). **मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।**

**सम्बन्धित फर्म की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 16793 | 13396 | 870 | 840 | 870 | 730 | 870 | 392 | 869 | 197 | 870 | 468 |
| 2 | वर्तमान में | 16793 | 13397 | 870 | 840 | 870 | 730 | 870 | 414 | 869 | 200 | 870 | 469 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2024 | 60 | 87.27 |
| 2 | 30.06.2024 | 47 | 85.51 |
| 3 | 30.06.2024 | 53 | 79.00 |
| 4 | 30.06.2024 | 92 | 77.64 |
| 5 | 30.06.2024 | 129 | 77.11 |
| 6 | 30.06.2024 | 134 | 75.57 |
| 7 | 30.06.2024 | 81 | 69.39 |
| 8 | 30.06.2024 | 101 | 71.16 |
| 9 | 30.06.2024 | 85 | 71.20 |
| 10 | 30.06.2024 | 41 | 64.90 |
| 11 | 30.06.2024 | 47 | 60.48 |
| **Total** | | **870** | **74.48** |

मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के कवर एग्रीमेन्टवाइज समीक्षा के दौरान पाया गया कि पिछली बैठक सम्पन्न होने के लगभग दो माह पश्चात् भी फर्म द्वारा मात्र 03 नग ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य ही पूर्ण किया गया है जिस पर कि जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं कड़ी चेतावनी जारी करते हुए फर्म के उपस्थित प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि यदि अग्रिम बैठक तक अपेक्षित प्रगति नहीं लायी जाती है तो संम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। तत्पश्चात् नलकूप, पम्प हाउस, सोलर पैनल, पाइप लाइन के प्रगति की बृहद रूप से समीक्षा की गयी एवं बैकलाग गृह संयोजनों के गैप के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी।

फर्म के स्टेट हेड श्री नवोदित मिश्रा ने अवगत कराया गया कि वर्तमान में लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 82 प्रतिशत गृह संयोजन उपलब्ध कराये जा चुके हैं तथा लगभग 200 नग ओवर हेड टैंकों की आधारभूत संरचना को भी तैयार कर लिया गया है जिस पर कि जिंक एलम टैंक लगाये जाने का कार्य ही अवशेष है, परन्तु जनपद सीतापुर में दुर्घटना घटित हो जाने के पश्चात् जिंक एलम टैंक लगाने वाली संस्था मेसर्स Manifold को Debar करने की नोटिस SWSM से निर्गत हो गयी है जिसके कारण जनपद में भी कार्य बाधित हो गया है चूंकि मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर ने भी मेसर्स Manifold से ही सामग्री क्रय की है इसलिए सक्षम स्तर से प्रकरण के समाधान होने तक, जिंक एलम टैंक लगाये जाने के कार्य में जनपद में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकेगी। अन्य घटकों में अपेक्षित प्रगति न होने के क्रम में अवगत कराया गया कि विगत कई माह से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से भुगतान प्राप्त न होने के कारण उनमें भी कार्य की प्रगति बाधित हुयी है।

उक्त तथ्यों के प्रकाश में आने के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त वक्तव्य को फर्म अपने लेटर पैड पर लिखित रूप से अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से समिति के समक्ष प्रस्तुत करें जिससे शासन को जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में अपेक्षित प्रगति न प्राप्त होने के कारणों से अवगत कराया जा सके। इसके अतिरिक्त उपलब्ध कराये जा चुके गृह संयोजनों की सत्यता जॉच हेतु विकास खण्डवार जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(3). <u>मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।</u>

<u>मेसर्स वेलस्पन की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–</u>

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 7171 | 6395 | 355 | 347 | 355 | 261 | 355 | 191 | 355 | 65 | 884 | 180 |
| 2 | वर्तमान मे | 7171 | 6557 | 355 | 351 | 355 | 316 | 355 | 203 | 355 | 81 | 355 | 191 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2024 | 118 | 86.13 |
| 2 | 31.12.2024 | 30 | 78.82 |
| 3 | 31.12.2024 | 54 | 81.16 |
| 4 | 31.12.2024 | 3 | 78.42 |
| 5 | 31.12.2024 | 19 | 77.22 |
| 6 | 31.12.2024 | 72 | 78.98 |
| 7 | 31.12.2024 | 44 | 73.97 |
| 8 | 31.12.2024 | 10 | 83.12 |
| 9 | 31.12.2024 | 5 | 78.94 |
| | **Total-** | **355** | **79.64** |

मेसर्स वेलस्पन के कवर एग्रीमेन्टवाइज समीक्षा के दौरान पाया गया कि पिछली बैठक सम्पन्न होने के लगभग दो माह पश्चात् भी फर्म द्वारा निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं प्राप्त की गयी है जिस पर कि जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं कड़ी चेतावनी जारी करते हुए फर्म के उपस्थित प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि यदि अग्रिम बैठक तक अपेक्षित प्रगति प्राप्त नहीं होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। तत्पश्चात् नलकूप, पम्प हाउस, सोलर पैनल, पाइप लाइन के प्रगति की बृहद रूप से समीक्षा की गयी एवं बैकलाग गृह संयोजन के गैप को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0))**

(4). जिलाधिकारी द्वारा परियोजनाओं के निर्माण कार्य की पूर्ण तिथि पूछने पर उनको अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि दिसम्बर, 2024 ही कार्य समाप्ति की तिथि के रूप में नियत थी जिस पर कि निर्देशित किया गया कि चूंकि अभी तक कार्य पूर्ण होने की स्थिति नहीं बन पायी है इसलिए कार्यो के समापन हेतु समयवृद्धि को सक्षम स्तर से अनुमोदित करा लिया जाय जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि समयवृद्धि हेतु पत्राचार किया जा चुका है किन्तु उक्त पर सक्षम स्तर से संस्तुति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/ मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(5). जिलाधिकारी द्वारा पूर्व की बैठकों में दिये गये निर्देशों के क्रम में जूनियर इंजीनियरों द्वारा साइट विजिट की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी जिसके अवलोकन पश्चात् निर्देशित किया गया कि भविष्य में उक्त रिपोर्ट में तिथि, अक्षांशन्तर और देशान्तर स्पष्ट रूप से फोटोग्राफ में प्रदर्शित हो यह सुनिश्चित किया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/ मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(6) अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण होने के उपरान्त उनके फिजिकल एवं फाइनेन्शियल क्लोजिंग के कार्य को तीव्र गति से कराया जाये तथा अधिक से अधिक योजनाओं के निर्माण सम्बन्धित कार्य पूर्ण कर उनके संचालन तथा अनुरक्षण के कार्य को प्रारम्भ किया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/ मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(7) बैठक में उपस्थित मा0 विधायक–बदलापुर के प्रतिनिधि श्री सुरेश चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड–महराजगंज अन्तर्गत पूरेलाल ग्राम में जल जीवन मिशन अन्तर्गत योजना पूर्ण कर, टंकी के उदघाटन का कार्य मेसर्स एफकॉन्स कम्पनी के ए0जी0एम0 श्री सुरेश यादव द्वारा कर दिया गया उक्त प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के उपस्थित स्टेट हेड को निर्देशित किया गया कि मा0 जनप्रतिनिधि से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/ मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| (सौमित्र)<br>अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>जौनपुर | (ध्रुव खाड़िया)<br>मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति<br>जौनपुर | (डॉ0 दिनेश चन्द्र)<br>जिलाधिकारी/अध्यक्ष<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>जौनपुर<br>27/09/2025 |

पत्रांक: 867 /जलजी0मि0/ 221 दिनांक: 6/10/2025

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
5. श्री सुरेश चौहान, प्रतिनिधि, मा0 विधायक–बदलापुर, जौनपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. श्री नवोदित मिश्रा, स्टेट हेड, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
9. श्री प्रवीण मोसाले, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), जौनपुर।

जिलाधिकारी
जौनपुर
27/09/2025